हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 25 नवंबर 2025

नर्मदापुरम | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी

04 यातायात नियमों का पालन नहीं इसलिए बढ़ रहे सड़क...



07 निष्ठा के साथ अभियान को बनाएं सफल मतदाताओं...



### सतपुड़ा टाइगर रिजर्व में जारी अखिल भारतीय बाघ आकलन 2026 की तैयारी

# कोर क्षेत्र में लगाए जा रहे ट्रैपिंग कैमरे, अफसरों ने किया निरीक्षण

**सतपुड़ा टाइगर रिजर्व में बाघों की संख्या का आकलन बाघों की गणना प्रक्रिया के अंतर्गत किया जाएगा। जिसकी तैयारी के लिए रिजर्व के कोर क्षेत्र में ट्रैपिंग कैमरा लगाए जा रहे हैं।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर

सतपुड़ा टाइगर रिजर्व प्रबंधन से प्राप्त जानकारी अनुसार भारत में बाघों की गणना का काम वर्ष 2006 से शुरू हुआ था। पूरे देश में यह प्रक्रिया प्रति चार वर्ष के अंतराल में की जाती है। इस बार भी पिछली गणना के चौथे वर्ष सतपुड़ा टाइगर रिजर्व में बाघों की गणना की जाएगी।



### तीन चरणों का काम

जानकारी अनुसार वन्यप्राणियों की गणना तीन चरणों में होती है। प्रथम चरण में मांसाहारी वन्य प्राणियों के लिए तीन रूटों पर तीन दिन पैदल चलना होता है। इस दौरान बाघ व तेंदुआ सहित अन्य मांसाहारी वन्यजीवों की गणना के लिये निर्धारित क्षेत्र में गणना दल पैदल चलकर कार्य करता है तथा साक्ष्य जुटाता है। वहीं दूसरे चरण में शाकाहारी वन्य प्राणियों की गणना के लिये तीन दिन ट्रांजिक्ट लाईन सर्वे किया जाता है। ये समस्त प्रक्रियाएं एक इकोलॉजिकल ऐप के माध्यम से की जाती हैं। तीसरे चरण में कैमरा ट्रैप लगाकर फोटो का डाटा एकय किया जाता है।

### लगाए ट्रैप कैमरे



बातचीत में एसटीआई कर्मियों ने बताया कि वर्तमान ब्लॉक-वन में सतपुड़ा टाईगर रिजर्व व सामान्य वनमंडल की कुल आठ रेंजों में 15 नवंबर से कैमरा ट्रैप स्थापित किए जा चुके हैं। ये ट्रैप कैमरे कुल 25 दिन तक लगे रहेंगे। इसके बाद ब्लॉक-टू में 25 दिन तक कैमरे लगाए जाएंगे। जिसमें एसटीआर एवं सामान्य वन की रेंजों को शामिल किया जाएगा। देशभर से डाटा एकत्र कर भारतीय वन्य जीव संस्थान देहरादून भेजा जाता है। जहां डाटा विश्लेषण करके वन्य प्राणियों की अनुमानित संख्या को निकाला जाता है।

### हम सबसे ऊपर

वन विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार हमारा मध्यप्रदेश अभी बाघों की संख्या में सबसे ऊपर है। पिछली 2022 की अखिल भारतीय बाघ आंकलन में मध्यप्रदेश में 785 बाघ आंकलित किये गए थे। एसटीआर सूत्रों का मानना है कि इस बार की गणना में मध्यप्रदेश में बाघों की संख्या 1000 से अधिक पहुंचने की संभावना है, जो कि प्रदेश में जारी बाघ संरक्षण के गंभीर मैदानी कार्यों का परिणाम होगा।

## मुस्काई प्रकृतिः कोहरे की चादर में लिपटी सतपुड़ा की रानी, पचमढ़ी में सूर्योदय का अदभुत नजारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पचमढ़ी



सर्दियों की आहट के साथ ही मध्य प्रदेश का एकमात्र हिल स्टेशन, पचमढ़ी, किसी चित्रकार की कैनवास जैसा जीवंत हो उठा है। आज सुबह पचमढ़ी के मैदानी इलाकों में कुदरत का एक ऐसा ही जादुई रूप देखने को मिला, जिसने हर किसी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

### कोहरे की जुगलबंदी

तस्वीर में आप देख सकते हैं कि कैसे घने कोहरे (धुंध) ने पूरे परिदृश्य को अपनी आगोश में ले लिया है। धुंध की इस मोटी चादर को चीरते हुए जब सूर्य देव ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, तो आसमान एक हल्का नारंगी और गुलाबी रंग में रंग गया। उगते हुए सूरज की यह 'लाल टिकिया' ठंडक के बीच एक नई उम्मीद और गर्माहट का एहसास करा रही है।

### सुकून का प्रतीक

तस्वीर में खजूर के ऊंचे पेड़ों की कतारें धुंध में किसी प्रहरी की तरह खड़ी नजर आ रही हैं। इस विशाल मैदान के बीच एक व्यक्ति का अकेले खड़े होकर सूर्योदय को निहारना यह बताता है कि भागदौड़ भरी जिंदगी में सुकून के दो पल कितने कीमती होते हैं। पास ही बैठा एक श्वान इस नैसर्गिक परिवेश और ठहराव को और भी खूबसूरती से बयां कर रहा है।

### पर्यटकों के लिए जन्नत

स्थानीय लोगों और पर्यटकों के लिए यह समय 'गोल्डन आवर' से कम नहीं होता। पचमढ़ी, जिसे 'सतपुड़ा की रानी' भी कहा जाता है, अपनी प्राकृतिक सुंदरता, झरनों और गुफाओं के लिए प्रसिद्ध है, लेकिन यहाँ की सुबह का अपना एक अलग ही नशा है। जैसे-जैसे सर्दियाँ बढ़ेंगी, कोहरे और धूप की यह लुका-छिपी और भी गहरी होती जाएगी, जो फोटोग्राफर्स और प्रकृति प्रेमियों के लिए आकर्षण का मुख्य केंद्र रहेगी।

### पलकमती के तल में उगते सूरज से बनती सुंदर छवि

सोहागपुर। सोहागपुर में ठंड का मौसम सुबह-सुबह पलकमती नदी में प्रकृति का सुंदर दृश्य बनाता है। दिन में गंदी नजर आती पलकमती नदी सुबह सुंदर दृश्य प्रस्तुत करती है। जब सूर्योदय की आकाशी लालिमा नदी जल में सुंदर प्राकृतिक दृश्य उत्पन्न करती है।



## जिला उपार्जन समिति की बैठक हुई संपन्न, कलेक्टर ने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

जिला स्तरीय उपार्जन समिति की बैठक में कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना द्वारा आगामी धान उपार्जन की पूर्व तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि धान उपार्जन हेतु निर्धारित सभी उपार्जन केंद्रों पर समस्त आवश्यक मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने कहा कि उपार्जन कार्य में सम्मिलित समितियां तौल, भंडारण, पर्याप्त तौल कांटे, बारदाने, पंखा-छन्ना एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को पूर्व नियोजित ढंग से पूर्ण करें। साथ ही प्रत्येक उपार्जन केंद्र पर सर्वेयर एवं नोडल अधिकारियों की ड्यूटी भी सुनिश्चित की जाए।

बैठक के दौरान कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिन समितियों में आवश्यकता से अधिक एनपीके का भंडारण हो चुका है, वहां से अतिरिक्त खाद का उठाव कर आवश्यकतानुसार अन्य समितियों को वितरित कराया जाए।

उन्होंने जिले में खाद की कुल उपलब्धता एवं अब तक किए गए वितरण की भी विस्तारपूर्वक समीक्षा की।

## शासकीय कॉलोनी में नहीं है नाली और सड़क की मूलभूत सुविधा

**आवासों में जरूरतमंद अधिकारियों को आबंटित किए गए आवास, नहीं हो रही भवनों की मरम्मत**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिपरिया

जनपद पंचायत क्षेत्र की ग्राम पंचायत बीजनवाडा में तवा कालोनी स्थित है। जिसमें माछावितरण नहर के अधिकारी कर्मचारियों को निवास के लिए कालोनी का निर्माण कार्य कराया गया था। लेकिन अभी वर्तमान में यह कालोनी नहीं वल्कि धर्मशाला में परिवर्तित हो गया है। वहीं कालोनी में वर्तमान में जिन लोगो के पास 2 मकान है उनके अपने निजी मकान होने के बाद सरकारी संपत्ति पर कब्जा कर लिया है। नलकूप



विभाग लगभग बंद हो ने की कगार पर है। उसके बाद भी 2इंजीनयर सरकारी संपत्ति पर कब्जा किया हुआ है। सोहागपुर जनपद पंचायत क्षेत्र में नोकरी करने वाले भी पिपरिया की कालोनी पर कब्जा किया हुआ है। पुलिस विभाग न्यायलय के लोग शामिल हुए हैं। शासन के नियमानुसार सरकारी आवास उन कर्मचारियों को आवंटित किया जा सकता था। जिनका मुख्यालय पिपरिया लेकिन आसपास की नहरों पर काम कर वापस आ सकते थे। लेकिन अभी वर्तमान में तो पिपरिया रामपुर के निवासी लोगो को लाभान्वित किया गया है। मरम्मत कार्य लंबे समय से नहीं हुआ है। नाली पानी सड़क बिजली की भी पर्याप्त मात्रा में व्यवस्था नहीं है। एसडीओ नहर अजय सिंह ने बताया कि उन्हें शासन के द्वारा कालोनी में सरकारी आवास में मरम्मत कार्य कराने हेतु राशि आवंटित नहीं है। इसलिए कार्य संभव नहीं है।

## वरिष्ठ अधिकारी ने किया पॉलिटेक्निक कॉलेज का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

मध्यप्रदेश शासन के तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, अतिरिक्त संचालक डॉ.वायएसठाकुर ने शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय नर्मदापुरम का अकादमिक निरीक्षण किया। इस दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.पीसीनरवरे ने बताया कि अतिरिक्त संचालक, डॉ.ठाकुर ने संस्थान के उन्नयन के लिए कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए हैं। जिसके अंतर्गत संस्थान की गुणवत्ता, छात्र- प्रदर्शन प्रबंधन, कंप्यूटर लैब, लाइब्रेरी, फर्नीचर, मशीनरी व उपकरण की गुणवत्ता बढ़ाने के साथ-साथ आधोसंरचनात्मक विकास और मैनपावर को भी सुदृढ़ करने पर जोर दिया गया। रोजगार-उन्मुखता को बढ़ावा देने हेतु विभागीय स्तर पर संभागीय टीपीओ सेल का गठन प्रक्रिया में है। गठन के बाद यह सेल छात्र-छात्राओं को शत-प्रतिशत प्लेसमेंट में मदद करेगा। संस्थान की नियमित फैकल्टी को शोध एवं विकास पर कार्य करने और राष्ट्रीय स्तर पर शोध पत्र प्रकाशित करने के लिए प्रेरित किया गया।

## स्प्रिंगडेल्स सीनियर सेकंडरी स्कूल के एनसीसी कैडेट्सों ने मनाया एनसीसी स्थापना दिवस



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम


स्प्रिंगडेल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल के एनसीसी कैडेटों ने एनसीसी दिवस के अवसर पर स्वच्छता अभियान और वृक्षारोहण कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर कैडेटों ने स्कूल परिसर में वृक्षारोपण किया एवं विवेकानन्द घाट पर स्वच्छता अभियान चलाया। एनसीसी के कैडेटों ने स्वच्छता अभियान के दौरान विवेकानन्द घाट पर साफ सफाई की एवं एकत्र किए कचरे को नगर पालिका के बड़े डस्टबीन में एकत्र किया और लोगों को स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूक किया।

कैडेट्स द्वारा स्कूल परिसर में कनेर के पौधों लगाए गए और पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर जोर दिया। इस अवसर पर स्कूल डायरेक्टर डॉ आशीष चटर्जी एवं प्राचार्य मोना चटर्जी ने कैडेट्स को एनसीसी दिवस की बधाई दी।

इस अवसर पर एनसीसी थर्ड ऑफिसर शेख कमर, गर्ल्स सीटीओ देविका तिवारी, एनसीसी सहायक मनोज मालवीय ने भी कैडेट्स के साथ कार्यक्रम में सहभागिता की एवं कैडेट्स को एनसीसी दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित की।

## कायस्थ समाज के सदस्यों ने नर्मदा तट पर चलाया अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम



शहर के चित्रगुप्त घाट पर रविवार को अखिल भारतीय कायस्थ समाज मातृशक्ति द्वारा घाट के किनारे और फर्श पर साफ सफाई की गई । नर्मदा नदी के किनारे से कचरा कूड़ा निकाला गया और कचरे को डस्टबिन में डाला गया । इस अवसर पर अखिल भारतीय कायस्थ समाज मातृशक्ति एवं प्रखर समाजसेवी सुमन वर्मा ने कहा कि नर्मदा हम सब की जीवनदायनी है । हम सब का कर्तव्य है मां को सुंदर और स्वच्छ बनाएं और इस स्वच्छता के अभियान में हर समाज के व्यक्ति को आना चाहिए जिससे हम नर्मदा को स्वच्छ और सुंदर बना सके और हम नर्मदापुरम को नंबर वन बना सकें ।मंजू श्रीवास्तव, प्रीति खरे,सुमन वर्मा, ज्योति वर्मा, जानकी , अदिति वर्मा, अनीता वर्मा, सी बी खरे, मनोज वर्मा, अभय वर्मा, केशव देव वर्मा, विजय वर्मा, आदि मौजूद रहे।

## शासकीय बालक उमावि में नाटक के माध्यम से छात्रों को बताया कि यह जादू नहीं विज्ञान है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सेमरी हरचंद



शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेमरी हरचंद में प्रचार शीला चौधरी के निर्देशन में रसायन शास्त्र की अध्यापिका महिमा भोरसिया ने विद्यालय के छात्रों के साथ नाटक के माध्यम से बताया कि किस प्रकार ढोंगी साधु रासायनिक प्रक्रियाओं के माध्यम से भोले भाले लोगों को मूर्ख बनाते हैं और पैसे ऐठते है। रासायनिक प्रक्रिया समझने के लिए उन्होंने विद्यालय में तीन प्रयोग करके दिखाएं। थायोफिनफ्थलीन सोडियम के साथ मिलकर रासायनिक क्रिया करता है। जिसमें पहले प्रयोग में कागज के गत्ते पर थायोफिनाफ्थलीन की मदद से कागज पर आकृति बनाते हैं और जो की दिखाई नहीं देती उस पर सोडियम हाइड्रोक्साइड छिड़कते ही जो आकृति बनाई गई है वह दिखाई देने लगती है। दूसरे प्रयोग में नारियल की जटाओं में सोडियम मेटल के टुकड़े रुई में लपेट कर रख दिए जाते हैं इस पर पानी छिड़कने से आग लग जाती है। एक प्लेट में हवन सामग्री रखकर उसमें पोटेशियम परमैंगनेट छिपा दिया जाता है बाद में उसमें ग्लिसरीन डालने पर आग लग जाती है। विद्यालय की प्राचार्य शीला चौधरी ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में अंधविश्वास दूर करने के लिए शासन द्वारा जादू नहीं विज्ञान कार्यक्रम के माध्यम छात्रों को जागरूक करने हेतु प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है जादू नहीं विज्ञान का यह कार्यक्रम छात्रों को विकासखंड तथा जिला स्तर की प्रतियोगिताओं की तैयारी के लिए किया गया।

## एसआईआर को लेकर कांग्रेस की बैठक, जिला प्रभारी ने दिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोहागपुर

नगर स्थित कांग्रेस कार्यालय में गत दिवस एसआईआर के तहत पार्टी का प्रशिक्षण कार्यक्रम किया गया है। जिसमें मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी से एसआईआरके जिला प्रशिक्षण प्रभारी उपस्थित हुए। प्रशिक्षण प्रभारी ने पार्टी के समस्त बीएलए को मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया से संबंधित आवश्यक जानकारियां दीं। उन्होंने कांग्रेसजनों से कहा कि एसआईआर कार्य में आम मतदाताओं को सहयोग करें। इस कार्यक्रम में जिला प्रभारी ककोड़िया सहित पूर्व नपाध्यक्ष संतोष मालवीय, मंगल सिंह रघुवंशी, कांग्रेस नगर अध्यक्ष गजेंद्र चौधरी, जमील खान, राजा भैया पटेल, नीरज चौधरी, विक्रम रघुवंशी, देवांशु शर्मा, इरफान खान, प्रतीक तिवारी, आरिफ खान, अंकित पटेल, भूरा रघुवंशी रैपुरा, प्रदीप रघुवंशी निवारी, इकबाल खान शोभापुर और समस्त बीएलए उपस्थित रहे।

**26 नवंबर से शुरू होगा भव्य निबिम्ब पंचकल्याणक महोत्सव**


## बिना लोहे के उपयोग से बना भव्य जिनालय पचमढ़ी में 26 से सजेगा पंचकल्याणक और गजरथ महोत्सव का दरबार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पचमढ़ी

मध्यप्रदेश के एकमात्र हिल स्टेशन और सतपुड़ा की रानी कहे जाने वाले 'पचमढ़ी' में धर्म और आस्था का महाकुंभ लगने जा रहा है। यहाँ के कैंट ग्राउंड, बस स्टैंड के पास 26 नवंबर 2025 (बुधवार) से 01 दिसंबर 2025 (सोमवार) तक ऐतिहासिक 'श्री मज्जिनेन्द्र आदिनाथ जिनबिम्ब पंचकल्याणक, प्रतिष्ठा, गजरथ महोत्सव एवं विश्वशांति महायज्ञ' का आयोजन किया जाएगा।

### नागर शैली में बना अदभुत जिनालयः

इस आयोजन का मुख्य केंद्र बिंदु यहाँ नवनिर्मित भव्य जिनालय है। आयोजकों के अनुसार, यह मंदिर



वास्तुकला का एक बेजोड़ नमूना है। सतपुड़ा की प्राकृतिक संपदा के बीच, नागर शैली में निर्मित इस मंदिर की विशेषता यह है कि इसमें एक इंच भी लोहे का प्रयोग नहीं किया गया है। यह संपूर्ण मंदिर पाषाण (पत्थर) से निर्मित है, जो इसे अद्वितीय बनाता है। इसी जिनालय की प्रतिष्ठा और भगवान की महिमा के बखान हेतु इस सुअवसर का आयोजन किया जा रहा है।

### संतों का मिलेगा आशीर्वाद

यह पूरा महोत्सव आचार्य श्री 108 विमलसागर महाराज और संत शिरोमणि आचार्य श्री 108 विद्यासागर महाराज के मंगल आशीर्वाद (मंगलाशीष) के साथ संपन्न होगा। छह दिनों तक चलने वाले इस विश्वशांति महायज्ञ में देश भर से श्रद्धालुओं के जुटने की संभावना है।

### छह दिनों तक चलेगा धार्मिक अनुष्ठान

प्रतिदिन सुबह 6:30 बजे से लेकर रात्रि तक विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम होंगे जिनमें 26 नवंबरः गर्भ कल्याणक (पूर्वरूप) - घटयात्रा, ध्वजारोहण और मंडप शुद्धि। 27 नवंबरः गर्भ कल्याणक (उत्तररूप) - यागमंडल विधान और सीमंतनी क्रिया। 28 नवंबरः जन्म कल्याणक - जन्माभिषेक और पांडुकशिला पर आयोजन। 29 नवंबरः तप कल्याणक - दीक्षा संस्कार और वैराग्य अनुभावना। 30 नवंबरः केवलज्ञान कल्याणक - समवशरण में दिव्य देशना और ज्ञान पूजा होगी।

## एक भारत श्रेष्ठ भारत का नारा संकल्प लेकर निकले युवा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

लौह पुरुष भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल की जन्म जयंती के 150वें वर्ष में भारत सरकार द्वारा देश भर में निकाली जा रही यात्रा के नर्मदा प्रवाह का शुभारंभ सोमवार को नागपुर में सरदार पटेल चौक से हुआ। इस यात्रा में भाजयुमो नर्मदापुरम जिलाध्यक्ष दीपक महालहा भी यात्रा में शामिल हुए है। यह यात्रा नागपुर से शुरू हुई जो की सावनेर, पाडुरना होते हुए मुलताई पहुंची जहां भाजपा प्रदेशाध्यक्ष भाजपा हेमंत खंडेलवाल, केंद्रीय मंत्री दुर्गादास उइके, नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष युवा मोर्चा श्याम टेलर सहित जनप्रतिनिधिगण एवं नागरिकों ने यात्रा का स्वागत किया। यात्रा में शामिल भाजयुमो जिलाध्यक्ष श्री महालहा ने बताया कि यात्रा सोमवार देर शाम मुलताई से आगे बढ़ते हुए यह यात्रा रात्रि में बैतूल पहुंची जहां भारत भारती में रात्रि विश्राम हुआ। आज मंगलवार को यात्रा पुनः अगले पड़ाव के लिए आगे बढ़ेगी।

## खबर संक्षेप

### रेलवे ट्रैक पर मिला युवक का क्षत-विक्षत शव

**बैतूल।** कोतवाली थाना क्षेत्र में सोनाघाटी रेलवे ट्रैक के पास सोमवार एक युवक का शव मिला। यह शव खंभा नंबर 846/20 के पास क्षत-विक्षत हालत में बरामद हुआ। सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को ट्रैक से हटवाकर बैतूल जिला चिकित्सालय की मर्चुरी में रखवाया। सोमवार दोपहर करीब एक बजे शव का पोस्टमॉर्टम कराया गया। शव की अत्यधिक खराब हालत के कारण उसे सुरक्षित रखना संभव नहीं था। इसलिए, पुलिस ने नगरपालिका की सहायता से शव को दफना दिया। पुलिस के अनुसार, मृतक की उम्र लगभग 30 से 35 वर्ष प्रतीत होती है। उसके पास से ब्लू नेवी रंग की जींस, हरे रंग की चौकड़ीदार शर्ट और एक जोड़ी चप्पल मिली है। जेब से पहचान संबंधी कोई दस्तावेज बरामद नहीं हुआ। घटनास्थल की स्थिति को देखते हुए, पुलिस ने प्रारंभिक तौर पर आत्महत्या की आशंका जताई है, क्योंकि युवक का सिर शरीर से अलग मिला था। हालांकि, पुलिस मामले की हर पहलू से जांच कर रही है कि यह दुर्घटना है या कोई अन्य कारण।

### व्यापारी ने सल्फास खाकर की आत्महत्या

**बैतूल।** बडोरा स्थित द्वारका नगर में रहने वाले 45 वर्षीय सुदर्शन पिता धनराज प्रजापति ने शुक्रवार सुबह सल्फास खाकर आत्महत्या कर ली। सुदर्शन की सदर बाजार में चाय की दुकान थी, जो पिछले दो महीनों से बंद पड़ी हुई थी। परिजनों के अनुसार, दुकान नहीं चलने और लगातार बढ़ते कर्ज की वजह से सुदर्शन मानसिक तनाव में थे। उनके भाई श्यामसुंदर प्रजापति ने बताया कि वे उधारी लेकर दुकान चलाने की कोशिश करते थे, लेकिन आर्थिक हालात सुधर नहीं रहे थे। इसी कारण वे कई दिनों से परेशान और निराश रहते थे। घटना के समय सुदर्शन की पत्नी और 10 वर्षीय बेटा घर पर ही मौजूद थे। बताया गया कि उन्होंने सल्फास खाने के कुछ समय बाद तबीयत बिगडऩे की शिकायत की, जिसके बाद परिजन उन्हें जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

### घर के बाहर खड़े युवक को कुत्ते ने काटा

**बैतूल।** सुयोग कॉलोनी विकास नगर बैतूल में पालतू और आवारा कुत्तों के बढ़ते खतरे को लेकर आवेदक राजेश यादव ने मुख्य नगरपालिका अधिकारी को ज्ञापन सौंपा है। राजेश यादव ने अपने ज्ञापन में लिखा है कि 22 नवंबर को उनके घर के ठीक सामने एक कुत्ते ने अचानक हमला कर दिया और उनके हाथ में काट लिया। कुत्ते के गले में चैन भी थी, लेकिन इस बात की पुष्टि नहीं हो पाई कि वह कुत्ता किसी का पालतू था या फिर आवारा घूम रहा था। राजेश यादव ने सीएमओ से निवेदन करते हुए कहा है कि सुयोग कॉलोनी में लगातार बढ़ रहे कुत्तों के आतंक से कॉलोनी के लोग दहशत में हैं और कभी भी किसी बड़ी घटना की संभावना बनी रहती है।

दस महीने में 919 हादसे, 352 लोगों की मौत, पिछले 4 साल में 1289 लोगों ने गंवाई जान

# यातायात नियमों का पालन नहीं इसलिए बढ़ रहे सड़क हादसे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

**जिले में हर साल सडक़ हादसों की संख्या बढ़ते जा रही है। वर्ष 2025 में ही 1 जनवरी से अक्टूबर यानि 10 महीने में करीब 919 सडक़ हादसे हुए है, जिसमें 352 लोगों की जान चली गई, वहीं 929 घायल हुए है, जबकि पिछले वर्ष 2024 में 925 सडक़ हादसे में 352 लोगों की मौत और 940 घायल हुए थे। लेकिन अफसोस इसके बाद भी वाहन चालकों की लापरवाही कम नहीं हो रही है। हालात यह है कि आज भी लोग बिना हेलमेट के ही वाहन चलाते है और खुद के साथ-साथ अन्य लोगों की जान भी जोखिम में डालते है।**



हालांकि सडक हादसे रोकने के लिए पुलिस और ट्रॉफिक पुलिस, सडक़ पर उतरकर लोगों को जागरूक भी करती है, लेकिन वाहन चालक नहीं मानते है। परिणाम, सडक हादसे बढ़ रहे और लोग अपनों को खोकर जिंदगी भर का दर्द सह रहे है। कुछ वर्षों की बात की जाए को सबसे अधिक दुर्घटनाएं बाइक सवारों के कारण हुईं, जो तेज रफ्तार और हेलमेट न पहनने के कारण गंभीर रूप से घायल हुए या अपनी जान गंवा बैठे। यातायात पुलिस का साफ कहना है, कि हेलमेट सुरक्षा का सबसे महत्वपूर्ण उपकरण है, खासकर बाइक सवारों के लिए। सडक़ दुर्घटनाओं में सबसे अधिक जानलेवा चोटें सिर पर ही आती हैं। सिर पर गंभीर चोट लगने से दुर्घटना में मृत्यु का खतरा 60 प्रतिशत तक बढ़ जाता है। यही कारण है कि हेलमेट पहनने को अनिवार्य किया गया है, मगर शहर में हेलमेट पहनने की आदत बहुत कम है, जिससे हर वर्ष कई जानें चली जाती हैं।

### 10 महीने में 919 सडक़ हादसे, चार साल में 3496

यातायात विभाग से प्राप्त जानकारी के मुताबिक बीते 10 महीने यानि जनवरी से अक्टूबर 2025 तक 919 सडक़ हादसे हुए। वहीं बीते चार साल यानि 2021 से लेकर 2024 तक जिले में कुल 3496 सडक हादसे हुए है, जिसमें 1289 लोगों की मृत्यु हुई है, वहीं 3781 लोग घायल हुए है। चार साल के आंकड़ों पर नजर डाली जाये तो वर्ष 2021 में कम सडक हादसे हुए और इनमें मृतकों और घायलों की संख्या भी कम ही रही है, जबकि सबसे ज्यादा सडक हादसे 1 जनवरी से 31 दिसंबर 2022 में दर्ज किये गये। वर्ष 2022 में 964 सडक हादसे हुए, जिसमें 378 लोगों की मौत हो गई और करीब 900 लोग घायल हुए।

### हाईवे पर तेज रफ्तार और ग्रामीण सड़कें बनी कारण

जिले से गुजरने वाले भोपाल-नागपुर नेशनल हाइवे और ग्रामीण क्षेत्रों की सडकों पर ज्यादा सडक हादसे होते है। जानकार बताते है कि नेशनल हाइवे बनने के बाद सडक हादसों में भी इजाफा हुआ है। इसकी वजह यह है कि नेशनल हाइवे पर लोग वाहन चलाते समय नियमों का पालन नहीं करते है। वाहनों की रफ्तार निर्धारित से ज्यादा होती है। इससे वाहन दुर्घटना जैसी स्थिति बनती है। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों की सडक पर हादसों का कारण सडकों का खराब होना, बिना हेलमेट और अंधे मोड पर तेज गति से वाहन चलाना जैसे कई कारण सामने आते है।

### हेलमेट जरूरी, फिर भी चालक करते हैं नजरअंदाज

बढ़ती सडक दुर्घटनाओं को देखते हुए प्रशासन गंभीर है। आये दिन अभियान चलाकर ट्रॉफिक पुलिस हेलमेट न पहनने वाले वाहन चालकों पर कार्रवाही करती है, लेकिन असर नजर नहीं आ रहा। बैतूल जिले की सडकों पर चालक बिना हेलमेट पहने धड़ल्ले से दो पहिया वाहन दौड़ाते हैं। पुलिस से बचने के लिए कई वाहन चालक हेलमेट साथ लेकर जरूर चलते हैं, लेकिन सिर पर नहीं पहनते। ऐसे में सवाल यही उठता है कि आखिर दुपहिया वाहन चालकों के लिए जब हेलमेट लगाना अनिवार्य है, फिर क्यों लोग अपनी आदत में सुधार नहीं ला रहे। पुलिस जब चेकिंग अभियान चलाती है तब लोग या तो जुर्माना भरते है या फिर पैरवी के लिए दौड़ लगाते हैं, लेकिन वाहन चलाते समय हेलमेट नहीं लगाते।

**किस वर्ष में कितने सड़क हादसे, घायल और मौत**

| वर्ष | हादसे | घायल | मौत |
|---|---|---|---|
| 2021 | 689 | 833 | 273 |
| 2022 | 964 | 900 | 378 |
| 2023 | 918 | 1108 | 286 |
| 2024 | 925 | 940 | 352 |

**चालानी कार्रवाई करते हैं**

सड़क हादसों को कम करने के लिए समय-समय पर जागरूकता शिविर और पेम्पलेट, बैनर, पोस्टर सहित अन्य माध्यमों से वाहन चालकों को जागरूक करते है। नियमों का उल्लंघन करने वालों पर चालानी कार्रवाही भी की जाती है, लेकिन इसके बाद भी वाहन चलाते समय लोग नियमों की अनदेखी और लापरवाही करते है। जिससे सडक हादसे होते है।

- **गजेन्द्र कैन**, प्रभारी, यातायात पुलिस, बैतूल

## बैतूल प्रदेश के अग्रणी जिलों में शामिल 81 प्रतिशत से अधिक मतदाताओं का डिजिटाइजेशन कार्य पूर्ण




हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत मतदाताओं के डिजिटाइजेशन कार्य तेजी से किया जा रहा है। सोमवार शाम तक जिले के कुल 1258295 मतदाताओं में से 1022062 मतदाताओं का डिजिटाइजेशन किया जा चुका है, जो कुल लक्ष्य का 81.23 प्रतिशत है। विशेष पुनरीक्षण के गणना चरण में बीएलओ, बीएलओ के सहायक दल एवं बीएलओ सुपरवाइजर घर-घर जाकर एप के माध्यम से गणना पत्रकों का डिजिटाइजेशन लगातार कर रहे हैं। साथ ही निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी और सेक्टर मजिस्ट्रेट द्वारा भी अपनी विधानसभा क्षेत्र में सतत भ्रमण कर कर गणना पत्रक भरने में मतदाताओं की मदद की जा रही हैं। दोनों ही स्तर के कार्मिक तेजी से गणना प्रपत्र प्राप्त कर सत्यापन कार्य में जुटे हुए हैं। कलेक्टर बैतूल नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी द्वारा सतत विशेष गहन पुनरीक्षण की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए प्रतिदिन मॉनिटरिंग की जा रही हैं। जिसके परिणाम स्वरूप डिजिटाइजेशन में जिला प्रदेश के प्रथम तीन जिलों में शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि गणना प्रपत्र में वर्ष 2003 की जानकारी भरना अनिवार्य है। बैतूल जिले में पूर्व से ही 78 प्रतिशत मतदाताओं की 2003 की सूची से मैपिंग पहले ही कर ली गई है, जिसके कारण मतदाताओं को फॉर्म भरने में विशेष सुविधा मिली है। जिन मतदाताओं के पास वर्ष 2003 की जानकारी उपलब्ध नहीं है, उनके लिए जिले में कुल 25 मतदाता सहायता केंद्र (हेल्पडेस्क) स्थापित किए गए हैं। इनमें बैतूल में 4, आमला में 4, मुलताई में 3, घोड़ाडोंगरी में 6 और भैंसदेही में 7 केंद्र संचालित हैं। ये सहायता केंद्र तहसील कार्यालय, नगरपालिका, जनपद पंचायत कार्यालयों एवं कलेक्ट्रेट परिसर में स्थापित किए गए हैं। जिला प्रशासन ने सभी मतदाताओं से अपील की है कि बीएलओ द्वारा प्रदत्त गणना फॉर्म को सही-सही भरकर एवं हाल ही का रंगीन पासपोर्ट आकार का फोटो संलग्न कर शीघ्र जमा करें। यदि किसी मतदाता के पास वर्ष 2003 की जानकारी उपलब्ध नहीं हैं। ऐसे में मतदाता अपने बीएलओ या हेल्पडेस्क से जानकारी प्राप्त कर सकते है। जो मतदाता स्वयं फॉर्म भरने में असमर्थ हैं, उनके लिए बीएलओ द्वारा पूर्ण सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। परिवार का कोई वरिष्ठ सदस्य भी फॉर्म भरकर जमा कर सकता है, जिसके लिए हस्ताक्षर के नीचे नाम और मतदाता से संबंध का उल्लेख करना आवश्यक है। जिन मतदाताओं के गणना फॉर्म समय पर अर्थात 4 दिसम्बर तक जमा हो जाएंगे, उन्हें ही प्रारूप मतदाता सूची में सम्मिलित किया जाएगा। यह प्रारूप सूची आगामी 9 दिसंबर 2025 को प्रकाशित की जाएगी, जिस पर दावे और आपत्तियां आमंत्रित की जाएंगी।

सेवा प्रकल्प का होगा शुभारंभ

## उत्तम प्रसाद खंडेलवाल की श्रद्धांजलि सभा आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



समाजसेवी एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्व नगर संघचालक उत्तम प्रसाद खंडेलवाल का 14 नवम्बर को स्वर्गवास हो गया। वे मुकेश खंडेलवाल के पिता और अभिषेक अग्रवाल के नाना थे। उनकी श्रद्धांजलि सभा का आयोजन आज मंगलवार 25 नवम्बर को राधा-कृष्ण धर्मशाला में शाम 4 बजे से किया गया है। इस अवसर पर उनकी स्मृति में एक सेवा प्रकल्प का शुभारंभ भी किया जाएगा। उत्तम प्रसाद खंडेलवाल समाजसेवा के क्षेत्र में अत्यंत सक्रिय रहे। उन्होंने अपने जीवनकाल में अनेक जनसेवा प्रकल्पों का सफल संचालन किया। विशेष रूप से बैतूल रेलवे स्टेशन पर भीषण गर्मी के दौरान 20 वर्षों तक ट्रेनों में सफर करने वाले राहगीरों को निशुल्क ठंडा पानी उपलब्ध कराना उनकी सेवा का अनूठा उदाहरण रहा, जिसने बैतूल की एक विशिष्ट पहचान बनाई। इसके अतिरिक्त जिला अस्पताल में भर्ती मरीजों के परिजनों को लम्बे समय तक निःशुल्क भोजन उपलब्ध करवाने सहित कई अन्य सामाजिक कार्यों का भी उन्होंने समर्पित भाव से संचालन किया। श्रद्धांजलि सभा में उनके सामाजिक योगदान को याद कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी।

## बंगो लोक भारती कार्यकर्ता सम्मेलन हुआ संपन्न



**शाहपुर।** बटकीडोह जोड़ स्थित समीर मत्स्य पालन केंद्र में आयोजित बंगो लोक भारती के कार्यकर्ता सम्मेलन और वन-भोजन कार्यक्रम में प्रकृति संरक्षण, संस्कृति, जल प्रबंधन और सामाजिक उत्थान जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। कार्यक्रम में सौ से अधिक कार्यकर्ताओं ने सक्रिय उपस्थिति दर्ज की। दीप प्रज्वलन और वंदे मातरम् के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। इसके बाद प्राणकृष्ण कामला, मधुमंगल सरकार, रणवीर विश्वास और प्रदेश संयोजक संजीव राय ने संगठन की कार्यपद्धति, कार्यकर्ता दायित्व और आने वाले गौरव सप्ताह की तैयारियों पर मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि बंगो लोक भारती का उद्देश्य बंगाली समाज की विरासत, भाषा, कला को नई पीढ़ी तक पहुँचाना और समाज की मूल समस्याओं के समाधान में सामूहिक प्रयास को मजबूत करना है। इसी दौरान रतन राय, महानंद मंडल, शिखा गाईन, विधान चन्द्र साहा, संतोष ढाली, हराधन शील, कार्तिक मंडल, मनोरंजन मल्लिक, सुकुमार मिस्त्री, अनुज सरकार सहित कई कार्यकर्ताओं को नए दायित्व सौंपे गए। द्वितीय सत्र में जसमन्त विश्वास और प्रमुख अतिथि ज्ञानराव बर्डे ने संगठन की जिम्मेदारियों और समाज के उत्थान में कार्यकर्ताओं की भूमिका पर प्रेरक विचार साझा किए। सभी संकुलों में पारंपरिक खेल प्रतियोगिताएं आयोजित करने और 24 जनवरी को बड़े जनसमूह के साथ खिचड़ी भोज के आयोजन पर सर्वसम्मति बनी।

## विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत डिजिटाइजेशन का कार्य सुचारू रूप से जारी रहे: अपर कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



अपर कलेक्टर वंदना जाट ने सोमवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित समयसीमा की बैठक में विशेष गहन पुनरीक्षण की समीक्षा कर सभी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को निर्देशित किया कि मतदाताओं द्वारा भरे हुए गणना पत्रक के एकत्र करने और उनके डिजिटाइजेशन का कार्य सुचारू रूप से जारी रहे।

विशेष गहन पुनरीक्षण के लिए नियुक्त सेक्टर मजिस्ट्रेट भी अपने क्षेत्र का सतत भ्रमण डिजिटाइजेशन के कार्य को गति प्रदान करें। उप जिला निर्वाचन अधिकारी मकसूद अहमद ने बताया कि एसआईआर में डिजिटाइजेशन के कार्य में जिला अग्रणी जिलों में शामिल हैं। उन्होंने बताया कि जिले के कुल 1258295 मतदाताओं के लक्ष्य के विरुद्ध अभी तक 978757 मतदाताओं का डिजिटाइजेशन का कार्य कर लिया गया हैं। जोकि लक्ष्य का 77.78 प्रतिशत है। उन्होंने राजस्व प्रकरणों की समीक्षा कर सभी राजस्व अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रकरणों के निराकरण में कोताही न बरते। नामांकन, बंटवारा, सीमांकन, धारणाधिकार इतियादी प्रकरणों का निर्धारित समयसीमा में निराकरण सुनिश्चित कराएं। अपर कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों की भी विभागवार विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने शिकायतों का संतुष्टिपूर्वक निराकरण किए जाने के निर्देश सभी जिला अधिकारियों को दिए। उन्होंने 50 दिवस से अधिक की शिकायतों के भी निराकरण किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने शीतकाल को देखते हुए सभी नगरपालिकाओं को सार्वजानिक स्थानों पर अलाव की व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित करने के लिए भी निर्देशित किया। अपर कलेक्टर वंदना जाट ने बैठक में ई ऑफिस प्रणाली के संचालन की भी विभागवार जानकारी लीं और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने समय अवधि पत्रों की भी समीक्षा कर सभी विभागीय अधिकारयों को टीएल प्रकरणों के त्वरित निराकरण के निर्देश दिए।

एक मात्र अधीक्षिका के भरोसे आधा सैकड़ा छात्राएं

# आदिवासी कन्या छात्रावास में ना चौकीदार, ना मजबूत सुरक्षा दीवार

### कमरों में पर्याप्त लाइट और पंखे भी नहीं शौचालय तक बदहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आमला

शहर का एकमात्र आदिम जाति कल्याण विभाग का कन्या छात्रावास एक बार फिर सुर्खियों में है। दरअसल वर्तमान में यहां 50 छात्राएं रहती है। लेकिन यहां समस्याओं के अलावा सबसे बड़ी समस्या सुरक्षा को लेकर है। लगभग 35 वर्ष पुराने कन्या छात्रावास की सुरक्षा दीवारें अब नाम मात्र की दीवारें रह गई है। छात्रावास की वो दीवारें जो सुनसान इलाके से लगी हुई है, उस हिस्से में तो दीवार ही नहीं है, यानी लगभग सुरक्षा परिसर का पूरा इलाका बेहद असुरक्षित है। यहां कोई चौकीदार भी नहीं है। केवल एक मात्र अधीक्षिका के भरोसे 50 छात्राएं रहती है। छात्राएं और खुद अधीक्षका का कहना है कि रात में अक्सर उनको भय लगता है, क्योंकि कन्या छात्रावास निवास का मुख्य परिसर भी कई जगह से खंडहर हो चुका है। ऐसे में यहां सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कई सवाल खड़े हो रहे हैं। सबसे बड़ी खामी विभाग की ही सामने आ रही है, जब यहां सुरक्षा के विपरीत हालातो के बावजूद भी चौकीदार तक की कोई व्यवस्था नहीं की गई है।

### सीलन और बदबूदार कमरों में रहने को मजबूर हैं छात्राएं

छात्राओं की सुरक्षा के सवाल के साथ-साथ विभाग की अनदेखी और लापरवाही से छात्राएं बदबूदार सीलन भरे कमरों में रहने को मजबूर है। लगभग 35 वर्ष पुराने आदिम जाति कल्याण विभाग कन्या छात्रावास भवन रखरखाव के अभाव में बेहद जर्जर और खंडहरनुमा हो गया है। दीवारों और छतों का प्लास्टर कई जगह से झड़ रहा है। बारिश में छात्राओं के कमरों में पानी भर जाता है। ऐसे में यहां बने कुछ कमरे तो छात्राओं के रहने योग्य भी नहीं बचे हैं। जिस तरह यहां कन्या छात्रावास के हालात है यहां दुर्घटना की भी संभावना प्रबल बनी हुई है।

### शौचालय के दरवाजे नल टूटे कमरों के लाइट भी बंद



आदिम जाति कन्या विभाग में छात्रावास की सुरक्षा सुविधा के बदहाल हालात और जिम्मेदारों की लापरवाही कुछ ऐसी है कि यहां तमाम अव्यवस्थाओं के साथ-साथ छात्राओं के लिए समुचित शौचालय तक की व्यवस्था नहीं है। छात्राओं का कहना है कि यहां केवल दो शौचालय ही चालू हालत में है, उनमें भी नल टूटे पड़े हैं। ऐसे में दिक्कतें हो रही है। पानी की टंकियां वर्षों से साफ नहीं की गई है। छात्राओं ने बताया है कि कमरों में लाइटें भी बेहद पुरानी और खराब है। कमरों में अंधेरा बना रहता है, जिससे छात्राओं को डर भी लगता है। छात्राओं ने कहा कि छात्रावास लड़कियों के रहने योग्य नहीं है। ऐसे में सवाल यही है कि आखिर छात्राओं के सुरक्षा के मसले पर भी आखिर प्रशासन चुप क्यों है।

**व्यवस्था करेंगे**

छात्रावास की अधीक्षिका को चौकीदार की अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति करने के लिए कहा गया है। इसके लिए कुछ सुझाव भी दिए गए हैं। हमारे पास शिकायतें आ रही है। आने वाले कुछ दिनों में ही यहां हम बेहतर व्यवस्था कर देंगे।

- **सुनील कुमार जैन,** प्रभारी आयुक्त आदिम जाति कल्याण छात्रावास

## आजाद हिंद फौज के सिपाही राधाकृष्ण सिंह का निधन



**सारनी।** आजाद हिंद फौज के सिपाही राधा कृष्ण सिंह शास्त्री ने भारत को आजादी दिलाने में अहम भूमिका निभाई, जो आज बैतूल जिले के पहाड़पुर गांव में लगभग 55 वर्षों से निवास कर रहे थे। 105 साल की उम्र में 24 नवम्बर को उनका निधन हुआ। जिसकी सूचना हरिओम कुशवाहा भारतीय मजदूर संघ के पदाधिकारी द्वारा दी गई। निधन से पूर्व 13 अक्टूबर 25 को इस संवाददाता से मिलना हुआ। अंग्रेजी हुकुमत के साथ हुए युद्ध काल की घटना पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि देश को अंग्रेजों से आजादी दिलाने की इस लड़ाई में भारत मां के सैकडों सपूतों ने अपने प्राणों की आहुति दी है। इसके बाद भारत स्वतंत्र हुआ है। क्रांतिकारियों के अदम्य साहस के कारण अंग्रेजो ने भारत को स्वतंत्र करने का निर्णय लिया। चंद्रशेखर आजाद,रामप्रसाद बिस्मिल, अशफ़ाक उल्ला खां, भगतसिंह, राजगुरु, सुखदेव और सुभाषचंद्र बोस जैसे अनेक देश भक्त हुए है। जिन्होंने अपना जीवन समर्पित किया। उल्लेखनीय है कि शास्त्री जी का जन्म 01 जनवरी 1920 को बर्मा (म्यांमार) ब्रम्हदेश के चौतगा में हुआ था। राधाकृष्ण सिंह शास्त्री के सहयोगी और उनके साथ अनेक कार्यक्रमों के साक्षी रहे अंबादास सूने ने बताया कि शास्त्री जी ने अक्टूबर 1943 में आजादी के लिए नेताजी सुभाषचंद्र बोस के आव्हान पर आजाद हिंद फौज में भर्ती होकर भारत को स्वतंत्र कराने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। देश के अधिकांश भारत वासी दक्षिण पूर्व एशियाई देशो में थे। स्वतंत्रता आंदोलन में उनका महत्वपूर्ण अविस्मरणीय योगदान रहा है। आजाद हिंद फौज की स्थापना रासबिहारी बोस ने की और नेताजी सुभाषचंद्र बोस को कमान सौंपी। सुभाषचंद्र बोस ने देश की स्वतंत्रता के लिए भारत वासियो का आव्हान किया, फलस्वरूप राधाकृष्ण सिंह और बडे भाई सीताराम, डीपी वर्मा के साथ अनेक भारतीय समुदाय के लोग आजाद हिंद फौज में भर्ती हुए।

### भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री ने एसआईआर कार्य की समीक्षा कर किया संबोधित

# निष्ठा के साथ अभियान को बनाएं सफल मतदाताओं को जागरूक करें: हितानंद

जिले में अब तक 59 प्रतिशत एसआईआर कार्य हुआ, शीघ्र पूर्ण करने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने रविवार को देवास भाजपा कार्यकाल पहुंचे। संगठन महामंत्री ने भाजपा कार्यालय में एसआईआर को लेकर बैठक को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि एसआईआर अभियान मतदाता सूची को स्वच्छ, शुद्ध एवं विश्वसनीय बनाने का माध्यम है। कोई भी वास्तविक मतदाता सूची से वंचित न रह जाए। भाजपा कार्यकर्ता इस संबंध में बूथ स्तर पर पहुंचकर जन-जन को जागरूक करें। बैठक के दौरान समीक्षा की गई, जिसमें अभी तक देवास जिला 59% पर है। एसआईआर कार्य को शीघ्रता से करने हेतु कहा गया।



### लोकतंत्र की सुरक्षा के लिए एसआईआर

भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने कहा कि एसआईआर प्रक्रिया लोकतंत्र की सुरक्षा और पारदर्शिता सुनिश्चित करने वाला अत्यंत महत्वपूर्ण अभियान है। पार्टी कार्यकर्ता पूरी निष्ठा के साथ इस अभियान को सफल बनाने में जुट.जाएं। भाजपा कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है कि वे एसआईआर की इस प्रक्रिया को पूर्ण पारदर्शिता और संकल्प के साथ सफल बनाएं। उन्होंने कहा कि बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं की सक्रियता से मतदाता सूची का शुद्धिकरण अभियान निश्चित रूप से सफल होगा और लोकतंत्र की जड़ें और अधिक मजबूत होंगी। उन्होंने कहा कि यह अभियान 4 दिसंबर तक चलेगा और इस दौरान सभी कार्यकर्ताओं को पूरी निष्ठा और तत्परता के साथ कार्य करना है।

### अभियान सफल बनाने करें मदद

बैठक में भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री ने कहा कि सभी कार्यकर्ता एसआईआर अभियान में सक्रिय सहभागिता करें और मतदाताओं की पूरी मदद करें। पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्र के बूथ स्तर तक पहुंचकर यह सुनिश्चित करे कि पात्र मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में सही तरीके से जुड़ें। 18 वर्ष आयु पूरी कर चुके युवाओं तथा विवाह के बाद परिवार में शामिल नए सदस्यों के नाम सूची में जुड़ जाएं। इस पूरी प्रक्रिया के दौरान किसी भी वास्तविक व पात्र मतदाता को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो, इस पर विशेष ध्यान दिया जाए। बाहरी मतदाताओं को लेकर सतर्क रहें और यदि ऐसे मतदाता पाए जाते हैं, जिनके नाम एक से अधिक स्थानों पर दर्ज हैं, तो इस पर आपत्ति दर्ज कराएं। उन्होंने कहा कि यह मतदाता सूची के शुद्धिकरण का अभियान है । बैठक संचालन जिला महामंत्री मनीष सोलंकी ने किया तथा आभार राजेश यादव ने माना। बैठक में प्रमुख रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष रायसिंह सेंधव, विधायक राजेश सोनकर, मुरली भंवरा, पूर्व जिला अध्यक्ष बहादुर मुकाती, राजीव खंडेलवाल, महापौर गीता दुग्रेश अग्रवाल, सभापति रवि जैन, जिला पंचायत अध्यक्ष लीला अटरिया, महामंत्री मनीष सोलंकी, राजेश यादव सहित जनप्रतिनिधि, विधानसभा के संयोजक एवं बीएलओ तथा अपेक्षित श्रेणी के पदाधिकारी, कार्यकर्ता उपस्थित रहे। उक्त जानकारी जिला मीडिया प्रभारी कमल अहिरवार ने दी।

## सिटी पुलिस की कार्रवाई में गांजा और अवैध शराब जब्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर, थाना प्रभारी गौरव सिंह बुंदेला ने टीम बनाकर दो अलग-अलग स्थानों पर प्रभावी दबिश दी, जिसके परिणाम स्वरूप अवैध मादक पदार्थ गांजा और अवैध शराब की बड़ी खेप पकड़ी गई और दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

**गांजा तस्करी पर कार्रवाई**

एमजीएम कॉलेज के पास से मुखबिर की सूचना पर ईरानी डेरा, इटारसी का रहने वाले जाफर अली पिता आजम अली (उम्र 23 वर्ष) अवैध मादक पदार्थ गांजा बेचने की फिराक में घूमते हुए गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम ने मौके पर दबिश देकर आरोपी जाफर अली को पकड़ा। उसके कब्जे से 760 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा जब्त किया। जब्त किए गांजे की अनुमानित कीमत करीब 15,200 रुपये है। आरोपी जाफर अली के विरुद्ध एनडीपीएस की धारा 8/20 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आगे की वैधानिक कार्रवाई की गई है।

**अवैध शराब पर कार्रवाई**

मेहरागांव हाई स्कूल के पीछे से भगत सिंह नगर, नाला मोहल्ला निवासी नसरुद्दीन पिता निजामुद्दीन (उम्र 44 वर्ष) अवैध शराब बेचने की नीयत से घूमते हुए पुलिस ने तत्काल दबिश देकर गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से कुल 15.480 लीटर अवैध शराब जब्त की गई। जिसमें 24 क्वार्टर बैक-पाइपर व्हिस्की, 37 क्वार्टर एमडी रम, 25 क्वार्टर सफेद देसी दारू जब्त की है। जब्त अवैध शराब की कुल कीमत 12,980 रुपये बताई गई है। आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विधिवत कार्रवाई की गई है। थाना प्रभारी गौरव सिंह बुंदेला ने बताया कि अवैध गतिविधियों में संलिप्त अपराधियों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई जारी रहेगी।

## 'कथक' की थाप पर 'जीनियस प्लानेट' में अवतरित हुई कला, नृत्य ने बच्चों का मनमोहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



जीनियस प्लानेट स्कूल में, 'स्पीक मैके' के पावन मंच से, दिल्ली से आइ नृत्यांगना अभिशिकता मुकोपाध्याय ने केवल नृत्य नहीं किया, बल्कि काल और गति के दर्शन को मूर्तरूप दिया। यह आयोजन मात्र सांस्कृतिक प्रस्तुति नहीं, अपितु शिक्षा और संस्कृति के समन्वय का एक दिव्य क्षण था। नृत्यांगना ने अपने हाथों से नहीं, बल्कि आत्मा के प्रकाश से सरस्वती पूजन हेतु दीप प्रज्वलन किया। यह कला के 'आदि स्रोत' के प्रति समर्पण था। स्कूल संचालक मो. जाफर सिद्दीकी और प्राचार्य मनीता सिद्दीकी ने 'अतिथि देवो भवः' की प्राचीन परंपरा का निर्वहन करते हुए इस देहधारी कला-साधिका का स्वागत किया।

ताल की यात्रा और समय का विमर्श

सुश्री अभिशिकता ने विद्यार्थियों को केवल 'मुद्राएं' नहीं सिखाईं, बल्कि मनुष्य के नौ रसों प्रेम, हास्य, करुणा, क्रोध माध्यम से मानव अस्तित्व के रंगों से परिचय कराया। उन्होंने विद्यार्थियों को सिखाया कि कैसे ताल की एक थिरकन समय को विभाजित करती है, और कैसे देह 'तोड़ो और ताल' के माध्यम से अनंत शून्य में एक पैटर्न बुनती है। जब उन्होंने 'अर्धनारीश्वर' की विधा को प्रदर्शित किया, तो यह केवल नृत्य नहीं था; यह शिव और शक्ति के द्वैत का दर्शन था, जहां पुरुष और प्रकृति एक होकर ब्रह्मांड की रचना करते हैं। उनकी प्रस्तुति 'यमुना किनारे नाचत कन्हैया' में, उन्होंने दिखाया कि कैसे एक पदचाप से समूची प्रकृति, काल और प्रेम की कहानी बुनी जा सकती है। इस दार्शनिक यात्रा के साक्षी बनने के लिए स्पीक मैके अध्यक्ष हेमंत शुक्ला 'मधुभैया' उपस्थित थे। समापन पर, स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।

## कन्या महाविद्यालय में एनसीसी छात्राओं ने किया पौधारोपण



**इटारसी।** महाविद्यालय में रविवार को नेशनल कैडेट कॉर्प्स (एनसीसी) की छात्राओं द्वारा 78वां स्थापना दिवस के अवसर पर थीम रेजिंग डे सेलिब्रेशन पर प्रांगण में वृक्षारोपण का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. आरएस मेहरा ने कहा कि एनसीसी का मुख्य उद्देश्य युवाओं में अनुशासन, चरित्र, भाईचारा, साहस और निस्वार्थ सेवा जैसे आदर्शों का विकास करना है। एनसीसी अधिकारी पूनम साहू ने बताया कि यह युवाओं में नेतृत्व के गुणों को विकसित करता है और उन्हें राष्ट्र की सेवा के लिए तैयार करता है। यह युवाओं को सशस्त्र बलों में करियर बनाने के लिए प्रेरित करने का एक अनुकूल वातावरण भी प्रदान करता है। डॉ. संजय आर्य ने बताया कि वृक्षारोपण पर्यावरण संरक्षण का एक महत्वपूर्ण और आवश्यक हिस्सा है, जो हवा को शुद्ध करने, मिट्टी के कटाव को रोकने, जलवायु को नियंत्रित करने और जैव विविधता को बढ़ावा देने में मदद करता है। इस अवसर पर सभी प्राध्यापकगण एवं छात्रायें उपस्थित थी।

## कमलापुर थाना प्रभारी ने किया ग्रामीणों से जनसंवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

समीप ग्राम पोलाय में कमलापुर थाना प्रभारी एसएस मीणा ने रविवार शाम को स्थानीय ग्रामीणों के बीच जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन मध्यमिक विद्यालय परिसर में आयोजित किया। कार्यक्रम में ग्रामीण जन उपस्थित रहे। जहां थाना प्रभारी मीणा ने सीधे संवाद स्थापित करते हुए क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था, कानुन व्यवस्था से जुड़े हुए मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। ग्रामीणों से रूबरू होते हुए मीणा ने साइबर अपराध, महिला सुरक्षा, नशामुक्ति, यातायात नियमों तथा अपराधिक घटनाओं से सतर्क रहने संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां दी। उन्होंने कहा कि किसी भी संदग्धित गतिविधियों, विवाद या आपात स्थिति की सूचना तुरंत पुलिस को दे। पुलिस का उद्देश्य थाना क्षेत्र में सुरक्षित और शांतिपूर्ण वातावरण बनाना है जिसके लिए ग्रामीणों का सहयोग अत्यंत आवश्यक है। थाना प्रभारी ने कहा कि पुलिस और जनता के बीच संवाद जितना मजबूत रहेगा अपराध नियंत्रण उतना ही प्रभावी होगा।



उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं भी सुनी और आश्वस्त किया की पुलिस उनकी हर संभव मदद के लिए तत्पर है। वहीं शिक्षक बलवान सिंह सेंधव, ग्रामीण रमेश जाट, गंगाराम जाट, मुकेश जाट, मुकेश गरिया, रामेश्वर यादव आदि ने ऐसे जनसंवाद की सराहना करते हुए कहा की इससे पुलिस पर विश्वास बढ़ता है और समस्याओं का समाधान भी आसानी से होता है। वहीं थाना स्टाफ से प्रधान आरक्षक योगेश यादव, प्रधान आरक्षक भगवती प्रसाद आदि मौजूद रहे।

## स्वास्थ्य जागरूकता: एएनएम प्रशिक्षण केंद्र की 50 छात्राओं ने बच्चों संग बिताया उपयोगी समय

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



समाजहित में निरंतर कार्यरत मुस्कान संस्था ने युवा पीढ़ी को सामाजिक सरोकारों से जोडऩे की अपनी पहल को जारी रखते हुए एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया। संस्था द्वारा श्यामा प्रसाद मुखर्जी अस्पताल के एएनएम प्रशिक्षण केंद्र की 50 छात्राओं के लिए स्वास्थ्य जागरूकता एवं सामाजिक सेवा का अनुभव प्रदान करने हेतु एक विशेष सत्र रखा गया।बच्चों से संवाद और अनुभव का आदान-प्रदान प्रशिक्षण केंद्र की छात्राओं ने मुस्कान संस्था पहुंचकर वहां के बच्चों से मुलाकात की। छात्राओं ने न केवल बच्चों के साथ समय बिताया, बल्कि उनकी दिनचर्या और शिक्षा-संबंधी गतिविधियों के बारे में भी जानकारी ली।

एएनएम प्रशिक्षु छात्राओं ने बच्चों को स्वास्थ्य स्वच्छता, पोषण, प्राथमिक उपचार और व्यक्तिगत देखभाल से संबंधित महत्वपूर्ण और उपयोगी जानकारी प्रदान की, जिसका उद्देश्य बच्चों में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाना था।

मुस्कान संस्था के संचालक मनीष ठाकुर ने बताया कि संस्था शहर के सभी सामाजिक लोगों के सेवा-संकल्प के साथ मिलकर सेवा के विभिन्न आयामों को निरंतर आगे बढ़ा रही है। संस्था समय-समय पर ऐसे कार्यक्रम आयोजित कर बच्चों को उपयोगी जानकारी प्रदान करती है, जो उनके सर्वांगीण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। बच्चों ने भी इस कार्यक्रम में छात्राओं के साथ संवाद स्थापित कर उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई।

## इटारसी में हुआ भव्य नगर कीर्तन का आयोजन, 350वां शहीदी पर्व जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

सिखों के नवमें गुरु, धन धन श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी महाराज के 350 वें सालाना शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में, श्री गुरु सिंह सभा इटारसी द्वारा 24 नवंबर को शहर में एक भव्य नगर कीर्तन निकाला गया। 'हिन्द की चादर' कहलाने वाले गुरु साहिब के त्याग और बलिदान को याद करते हुए निकाले गए इस कीर्तन में सिख संगत ने पूरे उत्साह के साथ भागीदारी की।



गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा के प्रधान जसवीर सिंह छाबड़ा ने जानकारी दी कि गुरु तेगबहादुर जी के बलिदान दिवस को समर्पित यह पर्व 20 नवंबर से 25 नवंबर तक मनाया जा रहा है। 23 दिसंबर को शुरू हुए अखंड साहिब का भोग 25 नवंबर को सुबह 9 बजे होगा। पाठ समाप्ति के उपरान्त रागी जत्था द्वारा कीर्तन दरबार एवं कथा का आयोजन होगा। 25 तारीख को दोपहर में गुरु का अटूट लंगर बरसेगा। गुरु तेग बहादुर साहब ने हिन्दू धर्म की रक्षा के लिए मुगल शासन के अत्याचार और अन्याय के सामने न झुकते हुए दिल्ली के चांदनी चौक पर अपने प्राणों का बलिदान दिया। 20 नवंबर से शुरू कार्यक्रम में प्रतिदिन गुरुद्वारे में पाठ साहिब, हजूरी रागी जत्था द्वारा कीर्तन और नौवें महाला का पाठ किया गया।

कथावाचक भाई सर्वजीत सिंह धुंदा ने 23 और 24 नवंबर को गुरु साहिब के बलिदान पर इतिहास का मार्मिक वर्णन किया।

## दुर्गा नवग्रह मंदिर समिति ने किया अभूतपूर्व स्वागत




**इटारसी।** धार्मिक एकता का एक अनुपम उदाहरण उस समय देखने को मिला जब नगर कीर्तन श्री दुर्गा नवग्रह मंदिर के सामने पहुंचा। मंदिर समिति के पदाधिकारियों और सदस्यों ने अत्यंत गर्मजोशी से इसका स्वागत किया। मंदिर समिति की ओर से नगर कीर्तन पर श्रद्धापूर्वक पुष्प वर्षा की गई। समिति के सदस्यों ने श्री गुरु ग्रंथ साहिब की पूजा-अर्चना और आरती की, जिससे वातावरण में भक्ति का संचार हुआ। इस स्वागत समारोह में मंदिर समिति के अध्यक्ष प्रमोद पगारे, सचिव जितेंद्र अग्रवाल बबलू, कोषाध्यक्ष दीपक जैन और अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## एसआईआर कार्य को लेकर जिला कांग्रेस ने लगाया शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



मतदाता पुनरीक्षण कार्य को देखते हुए जिला कांग्रेस कमेटी इटारसी ने युद्ध स्तर पर तैयारी शुरू कर दी है। इसी क्रम में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मतदाताओं को सहयोग प्रदान करने के उद्देश्य से इटारसी शहर के वार्ड 12, गुरुद्वारा चौराहा के सामने एक विशेष शिविर का आयोजन किया। शिविर में मुख्य रूप से मतदाताओं के नाम जोड़ने, हटाने और संशोधन से संबंधित कार्यों में सहायता प्रदान की गई।

### शिविर में उपस्थिति

मतदाताओं के सहयोग हेतु लगाए इस शिविर में एसआईआर इटारसी शहर के प्रभारी शेख रमजान की विशेष उपस्थिति रही। उनके साथ, कई वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने अपनी सेवाएं दीं, जिनमें शामिल हैं।

पूर्व पार्षद रजनीकांत सोनकर, कांग्रेस नेता धर्मेंद्र मालवीय, निलेश मालोनिया, प्रदीप पहलवान, पूर्व महिला कांग्रेस अध्यक्ष नसीम खान, विनिता बस्तवार, पूर्व पार्षद लखन राठौर, अनिल बस्तवार, प्रमोद कलोसिया, संतोष बामने, अनूप गांचले, नारायण गौर, गुड्डू बस्तवार आदि ने सहयोग किया।

## पुरानी इटारसी बना जनकपुरी

41 वर्षों की अटूट आस्था और निःस्वार्थ सेवा का महायज्ञ

# इटारसी: जहां 'राम-बोलो' की गूंज से होता है समाज का कल्याण, श्रीराम विवाह आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

जिले के हृदय, पुरानी इटारसी, में इन दिनों स्वर्गिक आभा छाई हुई है। यह केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि प्रेम, निःस्वार्थ सेवा और सामाजिक समरसता का महायज्ञ है, श्रीराम विवाह एवं निःशुल्क सामूहिक विवाह का भव्य आयोजन। यह उत्सव अब अपने 41 वें वर्ष में प्रवेश कर चुका है। पुरानी इटारसी को किसी नववधू की तरह सजाया गया है, और नेशनल हाईवे 69 पर स्थित रोड ओवरब्रिज की रंगीन विद्युत श्रंखलाएं मानो आकाशगंगा को धरती पर उतार लाई हैं, जो इस उत्सव की भव्यता



को दर्शाती हैं। इस अनूठे आयोजन की आधारशिला श्री देवल मंदिर काली समिति है, जिसका मूल मंत्र है, 'बिना किसी पद, बिना किसी स्वार्थ के, केवल रामजी के भरोसे'। समिति के सैंकड़ों सदस्य निस्वार्थ भाव से, बिना किसी व्यक्तिगत बुलावा या पद की अपेक्षा के, अपना श्रम, दान और सहयोग अर्पित करते हैं। उनका अभिवादन का तरीका भी उनकी विचारधारा को दर्शाता है, वे एक-दूसरे को मिलते समय केवल 'राम बोलो' कहते हैं, जो ईश्वर में संपूर्ण समर्पण का प्रतीक है।

यह परंपरा 1984 में शुरू हुई थी और पिछले चार दशकों में, लगभग ढाई हजार सौभाग्यशाली जोड़ों ने यहां अग्नि को साक्षी मानकर अपनी नई यात्रा शुरू की है। लोग सौभाग्य मानते हैं कि उनके घर का विवाह उसी शुभ मुहूर्त में हो रहा है, जब श्रीराम विवाह के बंधन में बंधे थे। अब तक 19 जोड़ों का पंजीयन हो चुका है। मंगलवार, 25 नवंबर को सुबह 9 बजे कन्या भोज एवं भंडारा आयोजित होगा। शाम को श्री द्वारिकाधीश मंदिर, से भगवान श्री रामजी और सभी दूल्हा राजाओं की भव्य बारात बैंड-बाजे और ढोल-नगाड़ों की दिव्य गूंज के साथ रवाना होगी। यह 3 किलोमीटर की शोभायात्रा नगर के मुख्य मार्गों से गुजरते हुए श्री देवल मंदिर में निर्मित जनकपुरी पहुंचेगी। रात 11 बजे जयमाला एवं प्रीतिभोज होगा। महोत्सव का सबसे पवित्र क्षण रात 12 बजे होगा, जब पाणिग्रहण संस्कार संपन्न होगा और प्रभु श्रीराम के साथ सभी नवयुगल अग्नि को साक्षी मानकर जीवन भर के लिए एक-दूसरे के हो जाएंगे। अगले दिन, बुधवार, 26 नवंबर को सुबह 7 बजे विदाई समारोह के साथ यह भावुकतापूर्ण और शुभ आशीर्वादों का महायज्ञ संपन्न होगा।

## वरिष्ठ नागरिक संघ की बैठक में जनसमस्याओं पर मंथन

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

वरिष्ठ नागरिक संघ पुरानी इटारसी की नियमित मासिक बैठक में आगामी कार्ययोजनाओं पर महत्वपूर्ण निर्णय लिए। बैठक में जहां वाचनालय को नियमित रूप से खोलने का निर्णय लिया गया, वहीं शहर की 40 प्रतिशत आबादी से जुड़ी बुनियादी जनसमस्याओं पर गंभीर चिंतन किया गया। सांसद के सहयोग और अपील के बाद, संघ ने अब वाचनालय को नियमित रूप से संचालित करने का निर्णय लिया है। संघ सदस्यों द्वारा नियमित रूप से सुंदरकांड का पाठ भी प्रारंभ किया जाएगा। विगत दिनों नगर पालिका प्रशासन द्वारा कुछ जन शिकायतों का निराकरण किए जाने से उत्साहित सदस्यों ने वार्ड-वाइज मीटिंग आयोजित करने का सुझाव दिया। इसका उद्देश्य आम लोगों की समस्याओं को प्राप्त कर उन्हें संबंधित विभागों के माध्यम से हल कराने का प्रयास करना होगा। बैठक में पुरानी इटारसी क्षेत्र की समस्याओं को लेकर गहरी निराशा व्यक्त की गई। नगर की 40 प्रतिशत आबादी वाले पुराने इटारसी के लोगों को स्टेशन से जोडऩे वाली सडक़ों की बदहाली पर चिंता व्यक्त की गई। पुराने ब्रिज के बंद होने और नए ब्रिज से प्लेटफॉर्म पर आने-जाने में हो रही परेशानी पर बात की गई। साथ ही, नए एस्केलेटर के चालू न होने से नागरिकों को हो रही असुविधा का मुद्दा भी उठाया गया। बैठक में संरक्षक आरसी वर्मा, एसपी गुप्ता, अध्यक्ष अशोक कुमार दुबे, सचिव जीडी पाटिल, उपाध्यक्ष संतोष दीवान एवं एमएल पटेल, राजेंद्र दीवान, सहित सदस्य उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय एकता पदयात्रा आज हरदा आएगी

**हरदा।** राष्ट्रीय एकता और अखंडता के प्रतीक लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में नागपुर महाराष्ट्र से प्रारंभ हो कर राष्ट्रीय एकता पदयात्रा 25 नवम्बर मंगलवार को दोपहर 12 बजे हरदा पहुँचेगी। इस अवसर पर स्थानीय घंटाघर चौक पर स्थित सरदार पटेल की स्मृति पर माल्यार्पण कर वृंदावन कालोनी स्थित पार्क में 150 पौधे लगाए जाएंगे। सभी नागरिकों से अपील की गई है कि यात्रा में शामिल होकर सहयोग प्रदान करें।

### मतदाता सूची वपुनरीक्षण में लापरवाही पर नोटिस

**हरदा।** अनुविभागीय अधिकारी एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी विधानसभा टिमरनी संजीव नागू ने विधानसभा क्षेत्र 134 टिमरनी तहसील कार्यालय रहटगांव के सहायक ग्रेड-3 निखिल ठैंगाहे को विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 के तहत डिजिटाईजेशन कार्य में लापरवाही बरतने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया है। उन्होने सहायक ग्रेड-3 श्री ठैंगाहे को 24 घंटे के भीतर अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिये है। स्पष्टीकरण संतोषजनक नहीं होने अथवा अप्राप्त होने की दशा में निलंबन की कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी।

### केंद्रीय राज्य मंत्री का भ्रमण कार्यक्रम

**हरदा।** भारत सरकार के अनुसूचित जनजाति कार्य विभाग के केन्द्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास उईके 28 नवम्बर तक संसदीय क्षेत्र बैतूल के भ्रमण पर रहेंगे। निर्धारित कार्यक्रम अनुसार मंत्री उइकेसंसदीय क्षेत्र के बैतूल, हरदा व खण्डवा जिले में स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होंगे।

### सड़क दुर्घटना में घायल की जान बचाएं, 25 हजार पाएं

**हरदा।** सड़क दुर्घटनाओं में होनी वाली मृत्युदर में कमी लाने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा राह-वीर योजना शुरू की गई है। योजना की गाईड लाईन के अनुसार सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को गोल्डन आवर अर्थात दुर्घटना से एक घंटे के भीतर का समय में अस्पताल पहुंचाने वाले ह्यराह वीरह्न को 25 हजार रूपये की नगद प्रोत्साहन राशि एवं प्रशस्ति-पत्र दिया जायेगा। इसके साथ ही चुने हुए राह-वीरों में से सबसे योग्य 10 राह-वीरों को राष्ट्रीय स्तर पर एक-एक लाख रुपये पुरस्कार स्वरूप दिये जायेंगे।

### मतदाताओं के घर पहुंचे एन्युमरेशन फॉर्म

**सीहोर।** प्रदेश में गणना पत्रक डिजीटाइजेशन का कार्य 57.05 प्रतिशत पूरा हो गया है। 5 करोड़ 73 लाख से अधिक मतदाताओं को एन्युमरेशन फॉर्म का बीएलओ द्वार वितरण किया जा चुका है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर प्रदेश में मतदाता सूची को शुद्ध व त्रुटि रहित बनाने लिए एसआईआर का कार्य चल रहा है। इसके अंतर्गत बीएलओ द्वारा मतदाताओं को गणना पत्रक का वितरण व डिजिटाइजेशन का कार्य किया जा रहा है। 23 नवंबर तक प्रदेश के 5 करोड़ 73 लाख 2 हजार 531 मतदाताओं को 65014 बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा गणना पत्र प्रदान किया जा चुके हैं।

---

सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों के निराकरण में विभागों का बेहतर प्रदर्शन दिखे

# ग्रामीणों का वाट्सएप ग्रुप बनाकर होगी नल जल योजनाओं की मॉनिटरिंग : कलेक्टर



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने कहा है कि जल जीवन मिशन अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित नल जल योजनाओं से समय पर जलापूर्ति एवं इनमें आ रही दिक्कतों की मॉनिटरिंग के लिये प्रत्येक नल योजना क्षेत्र में उपभोक्ता ग्रामीणों का एक वाट्सएप ग्रुप तैयार किया जाए, जिसको नल जल योजना के ऑपरेटर द्वारा मॉनिटर किया जाए। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के क्षेत्रिय अधिकारी एवं ग्राम पंचायत सचिव वाट्सएप ग्रुप में प्राप्त होने वाली शिकायतों के निराकरण की निगरानी करें। इस ग्रुप के माध्यम से जल आपूर्ति के समय की सूचना भी ग्रामीणों को दी जाए। सोमवार को आयोजित समयावधि अंकित पत्रों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने कहा कि स्कूलों एवं आंगनवाड़ियों के सुव्यवस्थित संचालन की जानकारी रखने के लिये प्रत्येक आंगनवाड़ी एवं स्कूल में एक फीडबैक रजिस्टर रखा जाए। यहां निरीक्षण के लिये जाने वाले अधिकारी अपनी टीप अवश्य अंकित करें। उन्होने कहा कि आंगनवाड़ियों में दर्ज निजी स्कूलों में जाने वाले बच्चों की सूची भी आंगनवाड़ी केन्द्र पर चस्पा की जाए ताकि यह स्पष्ट हो सके कि निजी स्कूलों में जाने वाले बच्चे भी आंगनवाड़ी केन्द्र पर दर्ज हैं। उन्होने कहा कि अनुविभागीय राजस्व अधिकारी अपने क्षेत्र में संचालित रैन बसेरों का निरीक्षण कर लें। सार्वजनिक स्थानों पर ठण्ड से बचाव के लिये अलाव जलाने की व्यवस्था सुनिश्चित करें। इसके अलावा जरूरतमंदों को जनसहयोग से कंबल भी वितरित किये जायें।

### सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों की समीक्षा की

बैठक में सीएम हेल्पलाइन में दर्ज शिकायतों की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एच.पी. सिंह द्वारा निराकरण में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर उनकी सराहना की। जिन अधिकारियों का निराकरण में अच्छा प्रदर्शन नहीं है, उनको लंबित शिकायतों के शीघ्र संतुष्टीपूर्ण समाधान करने के निर्देश दिये। बैठक में खिरकिया की कृषि उपज मण्डी में व्यापारियों द्वारा बैक डोर से अनाज की खरीदी किये जाने की शिकायत मिलने पर अनुविभागीय राजस्व अधिकारी को जांच करने के निर्देश दिये गये। हंडिया में अवैध उत्खनन की शिकायत पर कलेक्टर ने जिला खनिज अधिकारी एवं नायब तहसीलदार को जांच करने के लिये निर्देशित किया। बैठक में जिले के हरदा, टिमरनी एवं खिरकिया में शीघ्र जैविक हाट तैयार करने के निर्देश दिये गये। शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने कहा कि शतप्रतिशत शिक्षकों को उपस्थिति ई-अटेण्डेंस के माध्यम से सुनिश्चित की जाए। बैठक में सीएम हेल्पलाइन में दर्ज पीएम किसान योजना से संबंधित शिकायतों के त्वरित निराकरण के भी निर्देश दिये गये। बैठक में अपर कलेक्टर पुरूषोत्तम कुमार, संयुक्त कलेक्टर सतीश राय व रजनी वर्मा, एसडीएम संजीव नागू व अशोक डेहरिया सहित अन्य जिला अधिकारी उपस्थित थे।

---

एसएनसीयू से डिस्चार्ज बच्चों का फालोअप करें

# कोई भी गर्भवती महिला रजिस्ट्रेशन से न छूटे



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

सभी आशा कार्यकर्ता यह सुनिश्चित करें कि कोई भी गर्भवती महिला रजिस्ट्रेशन से न छूटे। एसएनसीयू से डिस्चार्ज बच्चों के घर जाकर माँ एवं बच्चों का कम्यूनिटी फालोअप सुनिश्चित करें। यह निर्देश कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने सोमवार को कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में आयोजित जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में अधिकारियों को दिये।

बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एच.पी. सिंह, सभी कार्यक्रम अधिकारी, बीएमओ, बीपीएम, बीसीएम एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर ने निर्देशित किया कि सभी बीएमओ, बीपीएम व बीसीएम इस कार्य की सतत मॉनिटरिंग करें। उन्होने हायपर टेंशन के प्रकरणों की समीक्षा के दौरान निर्देशित किया कि हायपर टेंशन वाली गर्भवती महिलाओं को शतप्रतिशत दवाईयां उपलब्ध कराएं। उन्होने कहा कि इस कार्य की प्रति सप्ताह मॉनिटरिंग की जाएगी। कलेक्टर ने आंगनवाड़ी कार्यकर्ता व सुपरवाइजर से समन्वय कर रहटगांव के पोषण पुनर्वास केन्द्र में अधिक से अधिक कुपोषित बच्चों को भर्ती कराने के निर्देश दिये। उन्होने सभी अधिकारियों को स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित सभी कार्यक्रमों में प्रगति लाने के निर्देश दिये।

---

# कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती ने किया नगर सहित गांव का दौरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शनिवार को जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष द्वारा शहर सहित सीहोर विधानसभा क्षेत्र के ग्रामों का दौरा किया तथा मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाता सूची के सूक्ष्म सत्यापन, मतदान केंद्रों की वास्तविक स्थिति, हर पोलिंग पर चल रहे नए मतदाताओं के पंजीकरण तथा बूथ स्तर पर संगठन को और अधिक मजबूत बनाने संबंधी जानकारी देते हुये मज़बूती से सभी बीएलए-2 को अपनी भूमिका का निर्वहन करने को कहा गया। इस अवसर पर इन सभी ग्रामों के सभी बीएलए-2 साथी से



संपर्क करते हुये, अपनी-अपनी पोलिंग पर मुस्तेदी के साथ कार्य करने को कहा। गुजराती द्वारा गांव-गांव, पोलिंग-पोलिंग पहुंचकर समीक्षा करने से आगामी संगठनात्मक दायित्वों में नई ऊर्जा, दिशा और मजबूती प्रदान करेगा। कांग्रेस की विचारधारा को बूथ स्तर तक सशक्त बनाने के लिए हम सभी निरंतर प्रतिबद्ध हैं।

---

5 वर्षों से जलदेव बाबा मित्र मंडल सदा व्रत भोजन प्रसादी का स्टाल लगा रहा

# चौकड़ी में नर्मदा परिक्रमावासियों के लिए 5 दिवसीय सदा व्रत

हरिभूमि न्यूज ⏭ खिरकिया

ब्लॉक के ग्राम चौकड़ी मां नर्मदा परिक्रमा तट पर वास ग्राम है। जहां से सैकड़ों श्रद्धालु मां नर्मदा कर रहे परिक्रमवासी यहां से गुजरते हैं ।

परिक्रमा वासियों की सेवा के लिए प्रतिवर्ष अनुसार विगत लगभग 5 वर्षों से जलदेव बाबा मित्र मंडल द्वारा पांच दिवसीय सदा व्रत भोजन प्रसादी का स्टाल लगाकर सेवा परिक्रमावासियो की जाती है सेवादार गोलू महाजन ने बताया कि हम ग्राम चौकड़ी के युवा साथियों का एक ग्रुप है जो मां नर्मदा के भक्तों का एवं ग्रुप के सदस्यों के सहयोग से पांच दिवस परिक्रमा वासियों की सेवा करते हैं । मां नर्मदा की सेवा करना ही हम सभी ग्राम वासियों का एक लक्ष्य है हमारा ग्राम एक भाग्यशाली ग्राम है जहां से नर्मदा परिक्रमा वासी एवं कई साधु संत महात्मा यहां से गुजरते हैं जिनकी




सेवा करने का आज हमें यह अवसर मिल रहा है। जब तक मां नर्मदा की कृपा रहेगी यह कार्यक्रम जारी रहेगा प्रतिवर्ष मां नर्मदा से हम प्रार्थना करते हैं कि हमारा ग्राम मैं सुख शांति समृद्धि बनी रहे और 23 नवंबर से 27 नवंबर तक सदा व्रत नियमित जारी रहेगा।

---

400 गांवों तक पहुंचा कीट, 3000 हेक्टेयर फसल प्रभावित

# रबी की शुरुआत में ही 'जड़माहू' व 'उकठा' रोग का हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले में अभी रबी की बोवनी का कार्य पूरी तरह संपन्न भी नहीं हुआ है कि किसानों पर प्राकृतिक आपदा का एक और संकट टूट पड़ा है। इस बार हमला गेहूं की फसल में जड़माहू कीट और चना-मसूर में उकठा रोग का हुआ है, जिसने जिले के सैकड़ों गांवों को अपनी चपेट में ले लिया है। प्रारंभिक आकलन के अनुसार अब तक करीब तीन हजार हेक्टेयर से अधिक की फसल प्रभावित हो चुकी है। कृषि विभाग के अनुसार जिले में गेहूं की फसल में जड़माहू कीट का प्रकोप 400 गांवों तक फैल चुका है, जबकि चना और मसूर की फसल में उकठा रोग 40 गांवों में देखा गया है। कृषि वैज्ञानिकों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही दवा का छिडक़ाव नहीं किया गया तो पूरी फसल नष्ट हो सकती है और उत्पादन में भारी गिरावट आएगी। बताया जा रहा है इछावर तहसील में फसल को सर्वाधिक नुकसान होने की खबर है।



### जमीन से चूस रहा रस पौधा हो रहा पीला

किसानों के अनुसार पिछले पांच साल से यह समस्या जिले में बनी हुई है। बताया जा रहा है कि बोवनी के बाद हुई हल्की बारिश से गेहूं की फसल में जड़माहू कीट सक्रिय हो गया है। यह कीट पौधे की जड़ से रस चूस रहा है, जिससे पौधा सूखकर खराब हो रहा है। वहीं चना और मसूर में फफूंद लगने से पौधा पीला पडक़र नष्ट हो रहा है, जिससे किसानों की आंखों के सामने उनकी फसल चौपट हो रही है।

### कृषि वैज्ञानिक टीम दंग

किसानों की लगातार शिकायतों के बाद बीते दिनों कृषि विज्ञान केंद्र सेवनिया के वैज्ञानिक दीपक कुशवाह और कृषि अधिकारियों की टीम ने बरखेड़ा कुर्मी, भाऊखेड़ी, जमोनिया, नरसिंगखेड़ा, धामंदा सहित करीब 10 गांवों का दौरा किया। टीम ने पाया कि स्थिति अत्यंत चिंताजनक है। किसानों ने टीम को बताया कि कई किसानों की दो से पांच एकड़ तक की पूरी फसल नष्ट हो गई है, जिसके कारण उन्हें दोबारा बोवनी करनी पड़ी है।

### कर्ज चुकाने की चुनौती

जिले में इस साल रबी का रकबा 4 लाख 5 हजार हेक्टेयर निर्धारित है, जिसमें गेहूं का रकबा 3.40 लाख हेक्टेयर है। किसानों ने बताया कि सोयाबीन को पहले ही अल्पवृष्टि और अतिवृष्टि ने भारी नुकसान पहुंचाया था। अब रबी की फसल भी बर्बाद हो रही है। किसान राजेन्द्र वर्मा ने बताया कि प्राकृतिक आपदा पीछा नहीं छोड़ रही है। आंखों के सामने फसल बर्बाद हो रही है। फसल पर लिया कर्ज चुकाना अब एक बहुत बड़ी चुनौती है। किसान सौभाल सिंह ने बताया कि महंगी दवाएं लाकर छिडक़ाव करने के बाद भी कीट प्रकोप न रुकने की पीड़ा व्यक्त की।

---

# बदल रहा मौसमः ठंड बढ़ी पारा आठ डिग्री पर पहुंचा

## आने वाले दिन में और गिरेगा तापमान



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

कड़ाके की ठंड का दौर लगातार जारी है। रविवार को न्यूनतम तापमान 8.3 डिग्री सेल्सियस और अधिकतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

जिले में पिछले 16 दिनों से न्यूनतम तापमान लगातार 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे बना हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार, न्यूनतम और अधिकतम तापमान में काफी अंतर देखा जा रहा है। विभाग ने संभावना जताई है कि आगामी दिनों में आसमान साफ होगा और ठंड का प्रभाव और बढ़ेगा। शासकीय कृषि महाविद्यालय स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के मौसम वैज्ञानिक डॉ. एसएस तोमर ने बताया कि बादल धीरे-धीरे साफ हो रहे हैं, जिससे आने वाले दिनों में ठंड बढ़ेगी। रविवार को न्यूनतम तापमान 8.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इससे पहले, जिले में कभी बारिश तो कभी गर्मी का मिला-जुला मौसम देखने को मिल रहा था। इस साल मानसून ने 21 जून को दस्तक दी थी, जिसके बाद रुक-रुक कर बारिश होती रही। अब मौसम में बदलाव के साथ ठंड का मौसम शुरू हो गया है।

---

एनसीसी दिवस पर नगर में निकाली गई रैली

# रैली निकाल स्वच्छता के प्रति किया जागरुक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

रविवार को एनसीसी इकाई शासकीय उत्कृष्ट उमावि क्रमांक 1, सीहोर में एनसीसी दिवस मनाया गया। एनसीसी ऑफिसर सविता ठाकुर के मार्गदर्शन में संस्था के 143 एनसीसी कैडेट्स ने सहभागिता कर कार्यक्रम को सफल बनाया। कैडेट्स ने स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत शहर के मुख्य मार्ग एवं संस्था परिसर की साफ़ सफाई कर विद्यालय परिसर को सदैव स्वच्छ एवं हरा भरा बनाए रखने हेतु संकल्प लेकर एनसीसी के ध्येय वाक्य एकता और अनुशासन को सार्थक किया।




साथ ही भाषण, पोस्टर प्रतियोगिता के अंतर्गत देशभक्ति एवं एनसीसी के योगदान से संबंधित पोस्टर्स बनाए और एनसीसी ऑफिसर और कैडेट्स द्वारा संस्था परिसर में पौधरोपण कर किया गया। कार्यक्रम में संस्था की एनसीसी अधिकारी सविता ठाकुर, आई.टी. इन्स्ट्रक्टर अमित जैन और 143 एनसीसी कैडेट्स उपस्थित रहे। उपस्थित कैडेट्स को संबोधित करते हुए संस्था की एनसीसी अधिकारी सविता ठाकुर ने एनसीसी गतिविधियों में अनुशासन, एकता और टीम वर्क के महत्व पर जोर दिया। जो एनसीसी प्रशिक्षण के मूल सिद्धांतों को दर्शाता है। साथ ही फिटनेस और स्वस्थ जीवन के महत्व को बताते हुए एनसीसी प्रशिक्षण से प्राप्त विभिन्न कौशल को अपनी दिनचर्या का अभिन्न अंग बनाने पर जोर दिया है। सभी एनसीसी कैडेट्स ने देशभक्ति और अनुशासन के प्रति अपने समर्पण का प्रदर्शन करते हुए, अपार उत्साह और जोश के साथ समारोह में भाग लिया।

---

### काका लायंस ने कृष्णा ब्लास्टर को छह विकेट से हराया

**सीहोर।** बीएसआई मैदान पर कृष्णा ट्राफी 2025 का आयोजन किया जा रहा है, शनिवार को खेले गए एक मुकाबले में काका लायंस ने कृष्णा ब्लास्टर को छह विकेट से हराया। इस मैच में हितेश ने 45 गेंद पर 47 रन की विस्फोटक पारी खेली। डीसीए के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि सुबह बल्लेबाजी करने उतरी कृष्णा ब्लास्टर की पूरी टीम 24 ओवर में 10 विकेट खोकर 107 रन बनाए थे। इसमें भविष्य त्यागी ने 15 रन, विकास सास्ता ने 26 रन, कमलेश पारोचे ने 19 रन और कनक ने 11 रन की पारी खेली।

---

# योग करें रोग भगाएं और स्वस्थ जीवन अपनाएंः विवेक राठौर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सीहोर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजीव गुजराती के निर्देश अनुसार सीहोर के न्यू बस स्टैंड सीहोर स्थित नेहरू पार्क में सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं यंती के अवसर सात दिवसीय योग शिविर योगाचार्य सुरेश बाबू राठौड़ के मार्गदर्शन में चलने वाले इस शिविर का नेता प्रतिपक्ष विवेक राठौर ने सरदार वल्लभभाई पटेल जी के चित्र पर फूल माला पहनकर योग शिविर का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि योग दिवस केवल एक दिन का उत्सव नहीं, बल्कि एक संकल्प है-स्वस्थ शरीर, शांत मन और संतुलित जीवन की ओर बढ़ने का। आधुनिक जीवन की भागदौड़ में जो न केवल रोगों से बचाता है, बल्कि मन को भी शांत रखता है। हमें चाहिए कि हम रोज योग करें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें, ताकि हम एक स्वस्थ और सुखी समाज का निर्माण कर सकें। इसलिए योग करें, रोग भगाएं और और स्वस्थ जीवन अपनाएं । इस अवसर पर शिविर के योगाचार्य सुरेश बाबू राठौड़ ने योग के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि योग का नियमित अभ्यास हमें कई तरह से फायदा पहुंचाता है। यह हमारे शरीर को लचीला और मजबूत बनाता है, जिससे हम दिन-भर के कामों को आसानी से कर पाते हैं। साथ ही, यह हमारी एकाग्रता को बढ़ाता है और मन को शांत रखता है, जिससे तनाव और चिंता कम होती है।

---

### प्रारंभिक कक्षाओं का अर्धवार्षिक मूल्यांकन 8 दिसंबर से

**सीहोर।** प्रदेश की शासकीय और अशासकीय शालाओं में कक्षा 3 से 8 के लिए सोमवार 24 नवम्बर से आयोजित होने वाला अर्धवार्षिक मूल्यांकन की तिथि बढ़ाई गई है। अब मूल्यांकन का कार्य 8 दिसम्बर से 13 दिसम्बर के मध्य होगा। राज्य शिक्षा केन्द्र के संचालक हरजिंदर सिंह ने वर्तमान में प्रदेश में संचालित चुनावी प्रक्रिया एसआईआर में शासकीय कर्मचारियों की व्यस्तता के कारण कक्षा 3 से 8 के अर्धवार्षिक मूल्यांकन की तिथियों को आगे बढ़ाने का निर्णय लिया है।